भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.†2181

उत्तर देने की तारीख 08.03.2021

ईएमआरएस की स्थापना का लक्ष्य

†2181. श्री कृपानाथ मल्लाह:

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन':

श्री चिराग कुमार पासवान:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने और अधिक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की स्थापना करने की योजना बनाई है तथा यदि हां, तो असम सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस उद्देश्य हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं आवंटित राशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) देश भर में अब तक खोले गए ईएमआरएस की संख्या कितनी है तथा ये विद्यालय किन-किन स्थानों पर स्थापित किए गए हैं;

(ग) गत तीन वर्षों एवं चालू वर्ष के दौरान प्रत्येक ईएमआरएस के लिए आवंटित और उन पर खर्च की गई राशि का राज्य/वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) बिहार में खोले गए ईएमआरएस की संख्या कितनी है तथा बिहार में ऐसे और अधिक विद्यालय खोले जाने की आगे की योजना का ब्यौरा है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री

(श्रीमती रेणुका सिंह सरुता)

(क) तथा (ख) बजट घोषणा 2018-19 के अनुसार, जनजातीय कार्य मंत्रालय को वर्ष 2022 तक असम राज्य सहित पूरे देश में 740 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) स्थापित करने हैं। इनमें सेआज की तारीख तक588 ईएमआरएस को पहले ही स्वीकृति दी जा चुकी है। इन 588 स्वीकृत ईएमआरएस की राज्य / संघ राज्यक्षेत्र-वार सूची **अनुलग्नक- I** पर संलग्न है। इन सभी विद्यालयों का ब्लॉक और ग्रामवार विवरण डैशबोर्ड: www.dashboard.tribal.gov.inपर उपलब्ध है। शेष 152 ईएमआरएसको वर्ष 2021-22 के दौरान स्वीकृत किया जाना तय है। ईएमआरएसके मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार केवलपहाड़ी और एलडब्ल्यूईप्रभावित क्षेत्रों के लिए 20% अतिरिक्त वृद्धि के साथ मैदानी क्षेत्रों के लिए ईएमआरएसके निर्माण के लिए मौजूदा पूंजी लागत 20.00 करोड़ रुपयेहै। इसके अतिरिक्त , ईएमआरएस संचालित करने के लिए प्रति छात्र प्रति वर्ष 1.09 लाख रुपये की दर से आवर्ती अनुदान भी प्रदान किया जाता है।

(ग) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ईएमआरएस के लिए निर्मुक्त की गई निधि का राज्य / संघ राज्यक्षेत्र और वर्ष-वार ब्यौरा **अनुलग्नक- II** में दिया गया है।

(घ) पश्चिम चंपारण, जमुई और कैमूर (भभुआ) जिलों में पहले ही तीन ईएमआरएस स्वीकृत किए जा चुके हैं और इस योजना के मौजूदा मानदंडों के अनुसार बिहार राज्य के लिए वर्ष 2022 तक कोई और ईएमआरएस स्वीकृत नहीं किये जाने तय हैं।

अनुलग्नक-I

'ईएमआरएस की स्थापना का लक्ष्य' के संबंध में दिनांक 08.03.2021 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2181 के उत्तर के संबंध में विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	कुल स्वीकृत ईएमआरएस
1	आंध्र प्रदेश	26
2	अरुणाचल प्रदेश	10
3	असम	10
4	बिहार	3
5	छत्तीसगढ	71
6	दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव	1
7	गुजरात	35
8	हिमाचल प्रदेश	4
9	जम्मू और कश्मीर	6
10	झारखंड	79
11	कर्नाटक	12
12	केरल	4
13	लद्दाख	2
14	मध्य प्रदेश	63
15	महाराष्ट्र	30
16	मणिपुर	15
17	मेघालय	15
18	मिजोरम	17
19	नागालैंड	19
20	ओडिशा	70
21	राजस्थान	30
22	सिक्किम	4
23	तमिलनाडु	8
24	तेलंगाना	23
25	त्रिपुरा	16
26	उत्तर प्रदेश	4
27	उत्तराखंड	3
28	पश्चिम बंगाल	8
	कुल योग	**588**

अनुलग्नक-II

'ईएमआरएस की स्थापना का लक्ष्य' के संबंध में दिनांक 08.03.2021 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2181 के उत्तर के संबंध में विवरण

पिछले 3 साल और चालू वर्ष में ईएमआरएस को निर्मुक्त निधि (03.03.2021 तक)

(लाख रुपए में)

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र का नाम**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**
1	आंध्र प्रदेश	3791.11	1994.00	5198.31	3879.12
2	अरुणाचल प्रदेश	4550.80	683.60	3239.25	200.24
3	असम	0.00	736.00	3059.04	750
4	बिहार	900.00	0.00	0.00	0
5	छत्तीसगढ	5999.00	6886.25	13052.49	6968.12
6	दादरा और नागर हवेली	0.00	0.00	0.00	95.7
7	गुजरात	6580.78	7963.78	14380.04	4755.86
8	हिमाचल प्रदेश	688.02	1265.15	2540.70	255.06
9	जम्मू और कश्मीर	800.00	2634.68	2400.00	0
10	झारखंड	4026.00	5668.08	8829.14	2175.73
11	कर्नाटक	896.38	1780.59	4867.77	2495.83
12	केरल	644.02	769.00	633.29	0
13	मध्य प्रदेश	7007.28	7087.06	31006.61	10763.36
14	महाराष्ट्र	5938.40	4331.35	5629.87	2787.16
15	मणिपुर	1141.40	1841.55	4050.60	1218
16	मेघालय	0.00	2105.15	0.00	132.6
17	मिजोरम	1554.78	2611.00	3931.64	3283.73
18	नागालैंड	1897.60	1174.54	1958.71	285.51
19	ओडिशा	7242.80	4314.80	4743.00	5064.27
20	राजस्थान	2970.00	4162.25	8706.75	8044.17
21	सिक्किम	416.98	662.12	3175.35	800.33
22	तमिलनाडु	1420.80	1218.40	6356.07	1225.14
23	तेलंगाना	4394.57	3541.83	7816.40	7117.3
24	त्रिपुरा	1644.78	1555.20	2472.64	4734.89
25	उत्तर प्रदेश	952.00	1145.45	1147.09	386.68
26	उत्तराखंड	1697.06	1197.80	428.37	321.28
27	पश्चिम बंगाल	1049.16	3767.13	5301.25	2062.45
	कुल योग	**68203.72**	**71096.76**	**144924.38**	**69802.53**